कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 01/12/2021

गर्ल्स कॉलेज में कम्प्यूटर सिक्यूरिटी पर व्याख्यान

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के कम्प्यूटर साईंस विभाग के तत्वाधान में कम्प्यूटर सिक्यूरिटी पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कम्प्यूटर साईंस की व्याख्याता श्रीमती नीकू साहू ने बताया कि इस कार्यशाला के मुख्य वक्ता ग्यानम टेक इंस्टीट्यूट के श्री अीजत सिंग थे।

उन्होनें छात्राओं को कम्प्यूटर सिक्यूरिटी के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पासवर्ड सेट करते समय जन्मतिथि और नाम जैसे कॉमन चीजों का उपयोग ना करे और समय–समय पर पासवर्ड बदलते रहे। पर्सनल कम्प्यूटर जिसमें आपकी सारी इन्फॉरमेशन रहती है जैसे– फोटो, विडियो व अन्य प्रकार की फाईल्स उनकी सुरक्षा करना महत्वपूर्ण है नही तो इनका दुरूपयोग हो सकता है। आजकल हर कोई इंटरनेट का उपयोग कर रहा है। ऐसी स्थिति में आपके घरों में रखे पर्सनल कम्प्यूटर भी सुरक्षित नहीं है। उन पर भी हैकर्स की नजर है। वह कभी भी आपके कम्प्यूटर पर हमला कर आपकी पर्सनल इन्फॉरमेशन को चुरा सकते है। आप कुछ टिप्स अपनाकर अपने कम्प्यूटर को सुरक्षित बना सकते है। इस अवसर पर उन्होनें सुरक्षात्मक उपायों के संबंध में जानकारी दी।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ने इस अवसर पर कहा कि इंटरनेट के द्वारा होने वाले अपराधों से हमें सतर्क रहना है। इसके लिए बतायी गयी जानकारियों का पालन करना आवश्यक है। कम्प्यूटर साईंस विभाग की प्रभारी डॉ. अनुजा चौहान ने बताया कि इंटरनेट का उपयोग करने वाले एप्प उपयोगी है परन्तु उपयोग के साथ सुरक्षा का भी ध्यान रखे।

कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन श्रीमती मीनाक्षी सिंह ने किया।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)